रिद्धि सिद्धि का देव निराला | by Mukesh Bagda

रिद्धि सिद्धि का देव निराला
शिव पार्वती का लाला
सदा ही कल्याण करता
मेरा देव है मंगलकारी
सभी के भण्डार भरता
रिद्धि सिद्धि का देव.........

शिव का दुलारा है ये गौरा महतारी है
गज सा बदन तेरा मूसे की सवारी है
चढ़े पान फूल फल मेवा
सारे संत करे तेरी सेवा
सभी का तू ही मान रखता
मेरा देव है मंगलकारी
सभी के भण्डार भरता
रिद्धि सिद्धि का देव.........

दूंद दुंदाला है ये सूंड सुंडाला है
भक्तों का मंगल करने वाला है
तुझे मन से जो भी बुलाता
पल भर में दौड़ा आता
सफल सारे काम करता
मेरा देव है मंगलकारी
सभी के भण्डार भरता
रिद्धि सिद्धि का देव.........

हर्ष कहे रे पहले इसको मन ले
चरणों में इसके तू शीश झुका ले
सारे विघ्न हटा दे तेरे
सारे काम बना दे तेरे
दीनो के दु:ख दूर करता
मेरा देव है मंगलकारी
सभी के भण्डार भरता
रिद्धि सिद्धि का देव.........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%a6%e0%a5%8d%e0%a4%a7%e0%a4%bf-%e0%a4%b8%e0%a4%bf%e0%a4%a6%e0%a5%8d%e0%a4%a7%e0%a4%bf-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%b5-%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%b0%e0%a4%be/